**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 09.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **रिजर्व बैंक ने लगातार दूसरी बार की नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती, होम और कार लोन सस्ते होने की उम्मीद, मौजूदा ईएमआई में भी मिलेगी राहत।।**

2. **प्रदेश भाजपा ने वन नेशन –वन इलेक्शन को लेकर राज्य में वृहत जनजागरण अभियान चलाने का लिया निर्णय, समाजिक संगठनों से लिए जायेंगे सुझाव।**

3. **झारखंड में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के सबसे अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में गिरिडीह पहले स्थान पर, पिछले दस साल में ढाई लाख से ज्यादा युवाओं को बनाया आत्मनिर्भर।**

4. **सीआरपीएफ आज मना रही है शौर्य दिवस, राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, शहीदों को किया जा रहा है याद।**

5. **राजधानी रांची में पहली बार तीन से पांच मई तक साउथ एशियन फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का होगा आयोजन, सात देशों के साढ़े तीन सौ एथलीट लेंगे हिस्सा।**

*********************

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। आज मुम्बई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्तीय वर्ष की पहली बैठक में सर्वसम्मति से रेपो दर कम करने का फैसला किया। रेपो दर में कटौती से होम और कार लोन सस्ते होने की संभावना है, जिसका असर मौजूदा ईएमआई पर भी पड़ेगा और इसमें कमी आयेगी।

*********************

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में वृहत जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। रांची स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। बैठक के बाद पार्टी सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रदेश भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके सुझाव को एकत्रित करने का काम करेगी।

*********************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे हो गये हैं। झारखंड में भी मुद्रा योजना स्वरोजगार सृजन का माध्यम बन गयी है। पूरे राज्य में गिरिडीह के बैंकों ने सबसे ज्यादा लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया है। बैंक ऑफ इंडिया की अधिकारी निधि कुमारी ने बताया कि जिले में दो लाख 54 हजार से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को लोन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज विभिन्न विभागों से संबंधित विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। रांची में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाली इस समीक्षा बैठक में श्री सोरेन राज्य की विधि व्यवस्था का भी हाल जानेंगे। विभागों के सचिव और अन्य पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक में भाग लेंगे।

*********************

केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल–सीआरपीएफ आज अपना शौर्य दिवस मना रही है। इस सिलसिले में झारखंड में सीआरपीएफ के कैंपों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। गढ़वा जिले में सीआरपीएफ 172 बटालियन कैंप में इस मौके पर शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह समेत 35 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

कमांडेंट श्री सिंह ने बताया कि सीआरपीएफ के अदम्य शौर्य, रण कौशल और अद्वितीय बहादुरी के चलते हर साल 9 अप्रैल को शौर्य दिवस मनाया जाता है।

*********************

बोकारो में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी गयी है। कई स्कूलों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*********************

भारतीय इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज लाल निशान में खुले। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिये गये हैं। सेंसेक्स 350 अंक से अधिक गिरकर 73 हजार 874 पर कारोबार कर रहा था, जो 353 अंक या शून्य दशमलव 48 प्रतिशत नीचे था। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 107 अंक या शून्य दशमलव 48 प्रतिशत नीचे 22 हजार 433 पर था। लार्जकैप के साथ–साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट दर्ज की गयी।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 84 हजार 150 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम बदल गया है। आसमान में बादल छाये हुए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 11 अप्रैल तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है।

**********************

राजधानी रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में पहली बार तीन से पांच मई तक साउथ एशियन फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होगा। खेल निदेशक संदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और मालदीव समेत सात देशों के करीब साढ़े तीन सौ एथलीट हिस्सा लेंगे।

**********************

उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के एक मुकाबले में हरियाणा ने झारखंड को 9–1 से पराजित कर दिया। मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में यह प्रतियोगिता 15 अप्रैल तक चलेगी।

********समाप्त**************